भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 6215

दिनांक 02 अप्रैल, 2026 को उत्तरार्थ

.....

धुबरी जिले में पी.एम.के.एस.वाई के अंतर्गत सिंचाई परियोजनाएं

6215. मोहम्मद रकीबुल हुसैनः

क्या जल शक्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पी.एम.के.एस.वाई.) के अंतर्गत धुबरी जिले के लिए वर्षवार स्वीकृत सिंचाई परियोजनाओं की कुल संख्या कितनी है;

(ख) उक्त प्रत्येक परियोजना की वर्तमान स्थिति सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, जिसमें यह दर्शाया गया है कि वे पूर्ण हो चुकी हैं, चल रही हैं या लंबित हैं;

(ग) उक्त परियोजनाओं में विलंब या उनके पूरा नहीं होने के कारण, यदि कोई हैं, तो क्या हैं, और

(घ) सरकार द्वारा लंबित परियोजनाओं को पूरा करने के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री

(श्री राज भूषण चौधरी)

(क) से (घ): वर्ष 2016-17 के दौरान, असम की तीन वृहद/मध्यम सिंचाई परियोजनाओं को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (पीएमकेएसवाई-एआईबीपी) के अंतर्गत शामिल किया गया है और वर्ष 2021-26 की अवधि के लिए पीएमकेएसवाई के कार्यान्वयन की मंजूरी के बाद एक सिंचाई परियोजना शुरू की गई। इनमें से किसी भी परियोजना से धुबरी जिले को लाभ नहीं मिलता है।

इसके अलावा, पीएमकेएसवाई के शुभारंभ से पहले असम की 61 सतही लघु सिंचाई (एसएमआई) योजनाओं के एक क्लस्टर को केंद्रीय सहायता के लिए मंजूरी दी गई थी, जिनकी अनुमानित लागत 399.09 करोड़ रुपए है। इन 61 एसएमआई योजनाओं में से एक योजना, नामतः "रंगापानी एफआईएस", जिसकी अनुमानित लागत 4.98 करोड़ रुपए है, धुबरी जिले में है। असम सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, यह योजना आंशिक रूप से पूरी हो चुकी है, जिससे 45 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई की क्षमता का सृजन हुआ है, लेकिन बार-बार आने वाली बाढ़, अनियमित जल प्रवाह और भूमि अधिग्रहण संबंधी समस्याओं के कारण इसे पूरा नहीं किया जा सका।

*****